## सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ

# पीएम किसान उत्सव दिवस

सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ में दिनांक 02 अगस्त, 2025 को "पीएम किसान उत्सव दिवस" का आयोजन नैदानिक सभागार, पशुचिकित्सा महाविद्यालय में किया गया। इस अवसर पर देश के माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा वाराणसी से किसान सम्मान निधि की 20वीं किश्त किसानों के लिए जारी की गई। कार्यक्रम के सजीव प्रसारण की व्यवस्था विश्वविद्यालय स्तर पर की गई, जिसमें मुख्य अतिथि श्री रामनाथ ठाकुर जी, माननीय केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री, भारत सरकार एवं विशिष्ट अतिथि, श्री अरूण गोविल, माननीय सांसद रहे। कार्यक्रम में कुलपति डा0 के0के0 सिंह ने अतिथियों का स्वागत करते हुए विश्वविद्यालय द्वारा किए जा रहे कार्यो के विषय में अवगत कराते हुए बताया कि यह विश्वविद्यालय पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कृषकों की बेहतरी के लिए लगातार प्रयासरत हैं। इस अवसर पर मेरठ के माननीय सांसद, श्री अरूण गोविल जी ने किसानों की आय को बढ़ाने में वैज्ञानिकों के योगदान को सराहते हुए और अधिक प्रयास करने का आहवान किया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री रामनाथ ठाकुर जी, माननीय केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री, भारत सरकार ने सम्बोधन में कहा कि किसान वैज्ञानिकों की सलाह से अधिक उत्पादन देने वाली तकनीकों को अपनाकर खेती करे जिससे आय में वृद्धि हो सके तथा माननीय प्रधानमंत्री जी के कृषकों की आय दोगुनी करने के संकल्प को पूरा किया जा सकें। साथ ही उन्होंने मृदा एवं पर्यावरण स्वास्थ को दृष्टिगत रखते हुए प्राकृतिक खेती करने का आहवान किया।

माननीय केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री जी ने पोस्ट हार्वेस्ट तकनीकी महाविद्यालय में मिलेट्स प्रोसेसिंग यूनिट का भ्रमण किया।

पीएम किसान उत्सव में लगाई प्रदर्शनी में 34 कृषक उत्पादक संगठनों ने अपने उत्पादों का प्रदर्शन किया, जिसे मुख्य अतिथि द्वारा सराहा गया। कार्यक्रम में कार्यक्षेत्र जनपदों से लगभग 400 से अधिक कृषकों ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव, डा0 रामजी सिंह, वित नियंत्रक, श्री पंकज कुमार चतुर्वेदी, समस्त निदेशकगण, अधिष्ठाता, विभागाध्यक्ष, शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहें।

कार्यक्रम का धन्यवाद प्रस्ताव निदेशक प्रसार, डा0 पीके0 सिंह द्वारा दिया गया।


तकनीकी ज्ञान
सम्पन्न किसान
उत्सव दिवस
2025
प्रसार
मेरठ


तकनीकी ज्ञान
सम्पन्न किसान
मेरठ
अरूण गोविल
माननीय सांसद
डा० के० के० सिंह
कुलपति


तकनीकी ज्ञान
अरुण गोविल
माननीय सांसद


NABARD




WELCOME



